भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1828
दिनांक 16/03/2023 को उत्तर देने के लिए

देश में पासपोर्ट सेवा केंद्र

1828. श्री कार्तिकेय शर्माः

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में पासपोर्ट सेवा केंद्रों की राज्य-वार संख्या कितनी है;
(ख) क्या हरियाणा और देश के अन्य राज्यों से विदेश जाने वाले लोगों की संख्या बढ़ रही है;
(ग) यदि हां, तो देश में लोगों की सुविधा के लिए हरियाणा सहित राज्य-वार कितने पासपोर्ट सेवा केंद्र खोले जाने की योजना है;
(घ) क्या सरकार पासपोर्ट के लिए आवेदन करने के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल विकसित करने पर विचार कर रही है, जिसमें कोई भी नागरिक घर बैठे सभी अपेक्षित कागजी कार्रवाई पूरी कर सकता है; और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके कब तक शुरू हो जाने की संभावना है?

उत्तर
विदेश राज्य मंत्री
[श्री वी. मुरलीधरन]

(क) अब तक देश में पासपोर्ट सेवा केंद्रों की संख्या 93 है। राज्य-वार सूची अनुबंध-I में संलग्न है।

(ख) उपलब्ध सूचना के अनुसार, 2017 से 2022 तक हरियाणा सहित विदेश जाने वाले भारतीयों की संख्या नीचे दी गई है:-

वर्ष	2017	2018	2019	2020	2021	2022
संख्या	2,39,42,957	2,62,96,484	2,69,15,147	72,94,566	85,51,315	2,18,03,723

(ग) मंत्रालय ने डाक विभाग (डीओपी) के सहयोग से जनवरी, 2017 में प्रत्येक संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में, जहां कोई पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीएसके) या डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीओपीएसके) नहीं हैं, में प्रधान डाकघरों (एचपीओ)/ डाक घरों (पीओ) में डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीओपीएसके) खोलने की घोषणा की थी। अब तक, हरियाणा सहित देश में 523 पासपोर्ट केंद्र (93 पासपोर्ट सेवा केंद्र और 430 डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र) कार्यरत हैं।

(घ और ङ) पासपोर्ट हेतु आवेदन करने के लिए एक यूजर-फ्रेंडली पोर्टल (https://www.passportindia.gov.in) पहले ही उपलब्ध कराया जा चुका है, जिसमें कोई भी नागरिक घर बैठे सभी आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी कर सकता है। इस पोर्टल के माध्यम से आवेदक अपने ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं तथा उनको ट्रैक भी कर सकते हैं। पासपोर्ट जारी करने की वर्तमान प्रणाली में किसी भी स्तर पर कोई मानवीय हस्तक्षेप नहीं होता है और इस संपूर्ण प्रक्रिया को डिजिटल रूप से संचालित किया जाता है जिसमें सिंगल विजिट क्लीयरेंस के माध्यम से प्रक्रिया पूरी कर ली जाती है।

*****

अनुबंध–I

पासपोर्ट सेवा केन्द्रों (पीएसके) की राज्य–वार सूची

क्र.सं.	राज्य / संघ राज्य क्षेत्र	पासपोर्ट सेवा केन्द्रों की संख्या	पासपोर्ट सेवा केन्द्रों की स्थिति
1.	आंध्र प्रदेश	4	विजयवाड़ा, तिरुपति, विशाखापत्तनम, भीमावरम
2.	अरूणाचल प्रदेश	1	ईटानगर
3.	असम	1	गुवाहाटी
4.	बिहार	2	पटना, दरभंगा
5.	चंडीगढ़ केन्द्र शासित प्रदेश	1	चंडीगढ़
6.	छत्तीसगढ	1	रायपुर
7.	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली	3	हेराल्ड हाउस, शालीमार प्लेस, भिकाजी कामा प्लेस
8.	गोवा	1	पणजी
9.	गुजरात	5	अहमदाबाद I एवं II, वडोदरा, राजकोट, सूरत
10.	हरियाणा	2	अंबाला, गुडगाँव
11.	हिमाचल प्रदेश	1	शिमला
12.	जम्मू और कश्मीर	2	जम्मू, श्रीनगर
13.	झारखंड	1	रांची
14.	कर्नाटक	5	बैंगलोर I एवं II, हुबली, मैंगलोर, कालाबुरगी
15.	केरल	13	तिरुवनंतपुरम, तिरुवनंतपुरम (ग्रामीण), कोल्लम, कोचीन, एर्नाकुलम ग्रामीण, अलापुझा, कोट्टायम, मलप्पुरम, त्रिशूर, कोझिकोड I एवं II, कन्नूर I एवं II
16.	मध्य प्रदेश	2	भोपाल, इंदौर
17.	महाराष्ट्र	8	मुंबई I, II एवं III, पुणे, नागपुर, ठाणे, नासिक, सोलापुर
18.	मणिपुर	1	इंफाल
19.	मेघालय	1	शिलांग
20.	मिजोरम	1	आइजोल

21.	नगालैंड	1	दीमापुर
22.	ओडिशा	1	भुवनेश्वर
23.	पुदुचेरी	1	पुदुचेरी
24.	पंजाब	5	अमृतसर, लुधियाना, जालंधर I एवं II, होशियारपुर
25.	राजस्थान	4	जयपुर, जोधपुर, सीकर, उदयपुर
26.	सिक्किम	1	गंगटोक
27.	तमिलनाडु	8	चेन्नई I, II एवं III, त्रिची, तंजावुर, मदुरै, तिरुनेलवेली, कोयम्बटूर,
28.	तेलंगाना	5	हैदराबाद I, II एवं III, निजामाबाद, करीमनगर
29.	त्रिपुरा	1	अगरतला
30.	उत्तर प्रदेश	6	लखनऊ, वाराणसी, कानपुर, गोरखपुर, बरेली, गाजियाबाद
31.	उत्तराखंड	1	देहरादून
32.	पश्चिम बंगाल	3	कोलकाता, बेरहामपुर, सिलीगुड़ी
कुल	32	93	

*****